सत्यमेव जयते	भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी – II) उत्तर प्रदेश , प्रयागराज **Indian Audit and Accounts Department** **Office of the Accountant General (A&E-II)** **Uttar Pradesh, Prayagraj**	Dedicated to Truth in Public Interest

पत्रांक : ले0ह0-II/नि0स0(प्र)/ग्रुप-II/परिपत्र/ 690079 दिनांक : 04.06.2024

अति आवश्यक

सेवा में,

1. अधिशासी अभियन्ता (संबन्धित खण्ड)
2. समस्त प्रभागीय वनाधिकारी

विषय : मासिक लेखा प्रेषण के संबंध में ।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भ में यह अवगत करना है कि खण्डों के मासिक लेखे समय से न प्राप्त होने के कारण लेखा संकलन करने में अत्यत कठिनाई का सामना करना पड़ता है तथा राज्य लेखे में शामिल करने में विलंब होता है । यद्यपि ससमय लेखा प्रेषित करने हेतु समय समय पर पत्र प्रेषित किया जाता रहा है, किंतु कुछ खण्डों द्वारा मासिक लेखा प्रेषित करने में अत्यंत विलंब किया जाता है . जिसे महालेखाकर महोदय ने अत्यंत गंभीरता से लिया है तथा ससमय लेखा संकलन पूर्ण किए जाने हेतु, निर्देशित किया है कि **खण्डों से मासिक लेखा प्रत्येक दशा में प्रत्येक माह के 07 तारीख तक इस कार्यालय में अवश्य प्राप्त किया जाना सुनिश्चाचित किया जाए ।**

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने खण्ड का मासिक लेखा नियमानुसार तैयार करा कर प्रत्येक माह के 07 तारीख के पूर्व प्रेषित कराना सुनिश्चित करें । **विलंब से लेखा प्राप्त होने के कारण राज्य लेखा से विलग होने की स्थिति में सम्पूर्ण ज़िम्मेदारी खण्ड की होगी।**

भवदीय
Signed by Chauharja Prasad Singh
Date: ...09:20
वरि0लेखाधिकारी/नि0स0(प्र0)

पत्रांक : ले0ह0-II/नि0स0(प्र)/ग्रुप-II/परिपत्र/ 690080
दिनांक : 04.06.2024

प्रतिलिपि:-1. संबन्धित खंडीय लेखाकार / खंडीय लेखाधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त निर्देशों का अनुपालन तत्परता से करना सुनिश्चित करें ।

२. प्रमुख मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष, वन विभाग उ०प्र० लखनऊ, को इस आशय से प्रेषित कि उक्त निर्देशों का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें ।

Sd

वरि0लेखाधिकारी/नि0स0(प्र0)